>

Title: Need to construct a bye-pass on National Highway passing through Dhanbad, Jharkhand.

श्री पशुपति नाथ सिंह (धनबाद): राष्ट्रीय राजमार्ग धनबाद शहर के मध्य से होकर अन्य शहरों में जाता है। राष्ट्रीय राजमार्ग के धनबाद शहर के अन्दर से गुजरने के कारण दिन प्रतिदिन यातायात का जाम होने से सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि होती जा रही है। जिससे कि आम आदमी के जीवन को खतरा एवं आए दिन व्यक्तियों की सड़क दुर्घटना से मृत्यु भी हो रही है।

अतः मैं सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री से अनुरोध करता हूं कि धनबाद के बाह्य रास्ते से एक बाईपास का निर्माण किया जाए जोकि धनबाद, बोकारो, राँची, राऊरकेला व झारखण्ड से देश के अन्य शहरों में जाकर मिल जाए। ऐसा करने से आए दिन होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में आ रही अनियमिताओं को रोका जा सके और जनमानस के जीवन की रक्षा की जा सके।